उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्ष: 10 || अंक:32 || पृष्ठ: 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 08 सितंबर 2025



विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

अंदर के पृष्ठों पर | जीएसटी दरों की कमी की खुशी में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई 7 | एकजुट होकर सभी सहयोगी दल आततायियों का आंतक मिटाने का करेंगे काम 8

हादसा

महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन पर छाया मातम

# 5 की मौत, 13 लोग हुए लापता

» बीपीएस न्यूज

मुंबई। महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए।

रविवार को मुंबई में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान बिजली का झटका लगने से 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पाँच अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना साकीनाका के खैरानी रोड पर सुबह करीब 10.45 बजे हुई, जब एक लटकता हुआ बिजली का तार गलती से गणपति की मूर्ति को छू गया। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूर्ति के पास खड़े छह श्रद्धालुओं को बिजली के झटके लगे। स्थानीय लोगों ने घायलों को पास के निजी अस्पतालों में पहुँचाया, जबकि एक व्यक्ति को नगर निगम द्वारा संचालित सेवन हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बिनु सुकुमारन कुमारन (36) को मृत घोषित कर दिया। बाकी पाँच लोगों, सुभांशु कामत (20), तुषार गुप्ता (20), धर्मराज गुप्ता (49), करण कनौजिया (14) और अनुष गुप्ता (6) को पैरामाउंट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में



गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए। उन्होंने कहा कि दो लोग वाकी खुर्द में भामा नदी में और एक शेल पिंपलगांव में बह गया तथा एक अन्य व्यक्ति पुणे ग्रामीण के बिरवाड़ी में एक कुएं में गिर गया।अधिकारी ने बताया कि चार लोगों में से दो के शव अब तक बरामद कर लिए गए हैं तथा अन्य दो की तलाश जारी है। नांदेड़ जिले के गडेगांव में एक नदी में तीन लोग बह गए। पुलिस ने बताया कि बाद में एक व्यक्ति को बचा लिया गया और अन्य दो की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि नासिक में चार लोग इसी तरह की त्रासदी का शिकार हुए और उनमें से एक का शव सिन्नार में बरामद किया गया।

पुलिस ने कहा कि जलगांव में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग बह गए और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इसने बताया कि ठाणे जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोग बह गए और अब तक एक शव बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक अन्य घटना में, अमरावती में विसर्जन के दौरान एक व्यक्ति के डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियां, झील और अन्य जल निकाय उफान पर हैं, जिसके कारण राज्य आपदा मोचन दल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है।

### मथुरा में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में उतरे युवक की डूबने से मौत

प्रतिमा विसर्जन के बाद गांव के कई लोग स्नान करने के इरादे से नदी में उतर गए। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार राय ने बताया कि अमित भी उन सबके साथ नहा रहा था। इसी बीच, वह गहरे पानी की तरफ चला गया और डूबने लगा।उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में रविवार को भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हाथरस से आये एक युवक की गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हाथरस के सादाबाद थाना क्षेत्र के कुरसण्डा गांव का अमित (22) गांव के अन्य लोगों के साथ यमुना में प्रतिमा विसर्जित करने के इरादे से बलदेव थाना क्षेत्र में गांव नेरा के समीप मौजा मुसदपुर घाट पर पहुंचा था।प्रतिमा विसर्जन के बाद गांव के कई लोग स्नान करने के इरादे से नदी में उतर गए। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार राय ने बताया कि अमित भी उन सबके साथ नहा रहा था।। और डूबने लगा। जब तक लोगों को उसके बारे में पता चला वह लहरों में लापता हो गया।युवक के डूबने का पता चलने पर गोताखोर वहां पहुंचे और उसकी तलाश में जुट गए। बाद में उसका शव निकाला गया। उन्होंने बताया कि चूंकि पीड़ित परिवार या किसी अन्य ने इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी इसलिए कोई मामला नहीं दर्ज किया गया।

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट: दो आरोपी हुए गिरफ्तार, धमाके से चार लोगों की गई थी जान; 25 हजार का था इनाम

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। गुडंबा के बेहटा गांव 31 अगस्त को हुए पटाखे के विस्फोट और गांव से बरामद हुए भारी मात्रा में बारूद व पटाखों के मामले में नामजद दो और आरोपियों को रविवार पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी बेहटा निवासी मो. नसीर और याकूब पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। 31 अगस्त को हुए विस्फोट में चार लोगों आलम, मुन्नी, इरशाद और नदीम की मौत हो चुकी है। बेहटा में विस्फोट के बाद दो केस दर्ज कराए गए थे। 31 अगस्त को सुबह हुए धमाके में तत्कालीन चौकी प्रभारी बेहटा संतोष पटेल ने आलम, उसके भतीजे शेरू, शोएब और गांव के रहने वाले टीनू और उसके भाई अली अहमद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। वहीं, दूसरी एफआईआर इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेष कुमार श्रीवास्तव ने बेहटा गांव के अली अहमद, याकूब, शेरू, नसीम, अफजल और अली अकबर के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में दर्ज कराई थी। आरोपियों के गोदाम से भारी मात्रा में अवैध पटाखे व बारूद मिले थे। घटना के बाद से सभी आरोपी भाग



निकले थे। गुडंबा पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को नामजद आरोपी अली अहमद को गिरफ्तार किया था। रविवार को चौकी इंचार्ज हरिओम पटेल और दरोगा कृपा राम यादव को मुखबिर और सर्विलांस की मदद से सूचना मिली कि नसीर और याकूब स्कार्पियो क्लब के पास मौजूद हैं और भागने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने दोनों पर इनाम घोषित कर रखा था। एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश डाल रही है।

## कर्नाटक 'मतदाता धोखाधड़ी' मामले में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहा निर्वाचन आयोग: खरगे

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन उसने अतीत में कांग्रेस के ऐसे सभी दावों को निराधार बताया था। खरगे ने प्रश्न किया, '' क्या निर्वाचन आयोग (ईसीआई) अब भाजपा का 'वोट चोरी' का अड्डा बन गया है?''

उन्होंने कहा,'' इस घटनाक्रम को समझिए। मई 2023 के कर्नाटक चुनावों से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया था। फॉर्म सात में जालसाजी कर एक बेहद जटिल प्रक्रिया के जरिए हजारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए।''खरगे ने कहा, ''फरवरी 2023 में एक मामला दर्ज किया गया।

# देश में बिगड़ते माहौल पर मायावती का सरकारों को अल्टीमेटम! सांप्रदायिक राजनीति छोड़ कड़ी कार्रवाई करें

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। पार्टी द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक बसपा प्रमुख ने बैठक में किसी का नाम लिये बगैर उत्तर प्रदेश तथा कई अन्य राज्यों में विभिन्न धर्मों के पूजास्थलों एवं उनके संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि का निरादर करके सामाजिक, साम्प्रदायिक एवं राजनीतिक हालात बिगाड़ने के राजनीतिक षडयंत्र पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की। बयान के अनुसार मायावती ने कहा, सभी सरकारों को संकीर्ण, जातिवादी, साम्प्रदायिक व द्वेषपूर्ण राजनीति का त्याग कर ऐसे आपराधिक तत्वों के प्रति कड़ा कानूनी



रवैया अपनाते हुए कानून का राज स्थापित करना चाहिये, ताकि सभी लोग अमन-चैन से रोजी-रोटी कमा करके अपने परिवार का पालन-पोषण तथा शिक्षा की व्यवस्था ठीक तरीके से कर सकें।

खासकर विरोधी पार्टियों द्वारा साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हर प्रकार के हथकण्डे अपनाते हुए बसपा, बहुजन आंदोलन और उसके नेतृत्व को कमजोर करने का षडयंत्र लगातार जारी है ताकि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर आधारित बहुजन समाज के लोगों को अत्यन्त कठिनाई से मिले उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों से वंचित करके उन्हें लाचार और मजबूर बनाये रखा जाये तथा हर कीमत पर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोका जाये।

बयान के मुताबिक मायावती ने बैठक में पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को ज़मीनी स्तर पर बढ़ाने के लिए ज़िला से लेकर बूथ स्तर की कमेटी के गठन को लेकर चलाये गये अभियान की समीक्षा के बाद लगभग 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बाकी बचे कार्य बसपा संस्थापक कांशीराम की नौ अक्टूबर को पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किये जायेंगे।

## अरुणाचल प्रदेश में बारिश और आंधी का अनुमान

अरुणाचल प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर पूरे सप्ताह जारी रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। ईटानगर में मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में सोमवार को ज्यादातर इलाकों में बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वी सियांग, निचली दिबांग घाटी, चांगलांग, लोहित और नामसाई में कुछ जगहों को गरज के साथ भारी वर्षा का सामना करना पड़ सकता है।बुलेटिन के मुताबिक, तवांग, पूर्वी कामेंग, लोअर सुबानसिरी, क्रा दादी, कामले, लोअर सियांग, लेपा राडा और पापुम पारे के कुछ हिस्सों में लोगों को स्थिति पर नजर रखने का परामर्श जारी किया गया है, जहां गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।बुलेटिन में कहा गया है कि मंगलवार को बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आने की संभावना है और अधिकांश जिलों में छिटपुट वर्षा या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।इसमें कहा गया है कि बुधवार से बारिश का दौर फिर से तेज होने का अनुमान है और विशेष रूप से तवांग, पश्चिमी कामेंग, पूर्वी कामेंग, लोअर सुबानसिरी, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, पापुम पारे और चांगलांग में छिटपुट से लेकर व्यापक वर्षा हो सकती है।

# ईमेल से मुंबई के नायर अस्पताल और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, तलाश में जुटी पुलिस

» बीपीएस न्यूज

मुंबई। मुंबई के नायर अस्पताल और मुंबई हवाई अड्डे को शनिवार को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया और पुलिस ने जाँच शुरू कर दी। अस्पताल के बारे में यह मेल शनिवार रात लगभग 11 बजे डीन के आधिकारिक आईडी पर पहुँचा।

इस धमकी से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए दहशत और भय का माहौल बन गया। हालाँकि, पुलिस अधिकारियों को कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं मिली। अधिकारी अब ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटे हैं। यह धमकी अश्विनी कुमार नाम के एक व्यक्ति द्वारा मुंबई शहर को उड़ाने की धमकी देने के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसमें उसने दावा किया था कि शहर भर में वाहनों में कई बम रखे गए हैं। ज्योतिषी नाम के इस व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तान स्थित एक जिहादी समूह का सदस्य बताया और यह भी आरोप लगाया कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं। पुलिस ने उसके पास से सात मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, छह मेमोरी कार्ड होल्डर, एक बाहरी सिम स्लॉट, दो डिजिटल कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक

सामान ज़ब्त किया। हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों से बम की धमकियों की खबरों में बढ़ोतरी हुई है। एक अलग घटना में, पटना सिविल कोर्ट को इस सप्ताह की शुरुआत में ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिली थी।धमकी मिलने पर, अस्पताल प्रशासन ने तुरंत मुंबई पुलिस को सूचित किया।

सुरक्षाकर्मियों ने परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक के सबूत नहीं मिले। पुलिस ने ईमेल के स्रोत की पूरी जाँच शुरू कर दी है और भेजने वाले का पता लगाने और उसकी पहचान करने के लिए काम कर रही है।अधिकारी ईमेल की धमकी से जुड़े सभी सुरागों की सावधानीपूर्वक जाँच कर रहे हैं और अस्पताल और आसपास के इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस जनता से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह करती है।

# टोटी चोर कहने पर अखिलेश यादव की पार्टी भड़की

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक केतकी सिंह को मानहानि का नोटिस जारी किया है। केतकी सिंह ने आरोप लगाया था कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री आवास से नल (टोटियाँ) चुराई थीं।समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक केतकी सिंह को मानहानि का नोटिस जारी किया है। केतकी सिंह ने आरोप लगाया था कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री आवास से नल (टोटियाँ) चुराई थीं। आरोप ने दोनों दलों के बीच राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया।नोटिस में केतकी सिंह पर दुर्भावनापूर्ण मानहानि का आरोप लगाया गया हैसमाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल द्वारा 5 सितंबर को भेजे गए इस नोटिस में कहा गया है कि केतकी सिंह के आरोप झूठे, भ्रामक और अपमानजनक थे। नोटिस में उन पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की छवि खराब करने के इरादे से जानबूझकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का आरोप लगाया गया है। पाल ने विधायक से औपचारिक माफ़ी माँगी और कहा कि इसे 15 दिनों के भीतर प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाए ।



## जनता की ताकत की वजह से अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत: राज्यपाल

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि जिस प्रकार अमेरिका ने भारत पर अनेक प्रकार के टैरिफ प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत झुका नहीं और दृढ़ता से आगे बढ़ता रहा। यह 140 करोड़ जनता की ताकत का प्रमाण है। उसी प्रकार विश्वविद्यालयों को भी निरंतर आगे बढ़ते रहना है।

वे रविवार को राजभवन में एनआईआरएफ में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त अच्छी रैंकिंग को लेकर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और हर क्षेत्र में नवाचार नई संभावनाएँ खोल रहा है।

## योगी बोले: पहले की सरकारों में नौकरी के नाम पर लिया जाता था पैसा, वोटबैंक ध्यान रखकर होती थी नियुक्ति- सीएम

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछड़ी सरकारों में नौकरी के नाम पर युवाओं से रुपये लिए जाते थे। तभी वे चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाते थे और इस तरह के आयोजन भी नहीं होता था।

लेकिन 8 वर्ष में यूपी में सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरियों की बौछार है। वह रविवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1510 अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र



वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुएकहा कि 8 वर्ष पहले वे नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं कर पाते थे।

जिस पर न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की इतने रुपये लिए जाते थे कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। यूपी में पिछले साढ़े 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई गई।

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति हो रही है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया।



# अपनी बात....

## सपादकीय .............

## बौद्धिक पूंजी की समृद्धि के लिए प्रेरक योगदान

शिक्षक का कार्य मेंटोरिंग, शोध का मार्गदर्शन, आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहन, और समाज की प्रगति में योगदान देने वाले मूल्यों को स्थापित करना भी है। यदि उन्हें उचित वेतन और सम्मान नहीं मिलता, तो यह न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह राष्ट्र की बौद्धिक पूंजी को भी कमजोर करता है।भारत की विद्यालय शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। जहां 15 लाख विद्यालयों में विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमियों से आने वाले 25 करोड़ बच्चों को 95 लाख शिक्षक पढ़ाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट (2023–24) के अनुसार, भारत में स्कूली शिक्षा का औसत वर्ष 6.6 वर्ष है। वहीं यह औसत विकसित देशों में लगभग 14 वर्ष है, वैश्विक स्तर पर यह 8.7 वर्ष है। इसका मतलब है कि एक औसत भारतीय अपने जीवन में औसतन केवल 6.6 वर्ष तक औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त करता है। सरकारी दस्तावेज़ बताते हैं कि वर्तमान में देशभर के स्कूलों में लगभग 11.6 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हैं क्योंकि भर्ती और प्रतिधारण में कई संरचनात्मक कठिनाइयां हैं। भारत में अध्यापन व्यवसाय के समक्ष कई चुनौतियां हैं, जिनमें योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी, शिक्षा संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, तकनीकी एवं नवाचारों के प्रति वैचारिक जकड़न, सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंताएं, कार्यभार के सापेक्ष कम वेतन, तनाव, बर्नआउट और निराशाजनक कार्य–संस्कृति शामिल हैं, जो सरकारी स्कूलों में अनुपस्थिति और प्रॉक्सी शिक्षण को बढ़ावा देते हैं।ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को अक्सर अलगाव और संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है, जबकि निजी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को प्रतिस्पर्धी दबाव और असुरक्षित भविष्य के साथ अपर्याप्त वेतन पर कार्य करना पड़ता है। विभिन्न नियामक एवं विधायी निकायों के रहते हुए भी यह विषमतापूर्ण हालात स्कूली शिक्षा में ही नहीं, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में भी बने हुए हैं।शिक्षकों की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए देश के सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि यदि शिक्षकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता या उन्हें उचित वेतन नहीं दिया जाता, तो यह उस मूल्य को कम करता है जो एक देश ज्ञान को देता है, और उन लोगों की प्रेरणा को कमजोर करता है जो राष्ट्र के बौद्धिक पूंजी के निर्माण के लिए जिम्मेदार हैं। शिक्षकों को भगवान के समान कहना ही काफी नहीं है, यह राष्ट्र के उनके प्रति व्यवहार में भी झलकना चाहिए।ज्ञान–आधारित समाज से पारिभाषित देश में न्यायालय की यह टिप्पणी विचारणीय है कि समाज को शिक्षकों के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। गुरु–गोविन्द से अलंकृत शिक्षकों को उचित वेतन, बेहतर कार्यस्थल, प्रशिक्षण के अवसर, और सामाजिक सम्मान प्रदान करना प्राथमिक कार्य होना चाहिए। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य को आकार देते हैं। इसी कारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सफल क्रियान्वयन में शिक्षक की भूमिका को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना गया है।गौरतलब है कि आठवें वेतन आयोग की दहलीज पर खड़े हुए शिक्षक को अकुशलकर्मी के लिए निर्धारित मानदेय के बराबर पारिश्रमिक दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक का मासिक वेतन सरकारी शिक्षकों की तुलना में 36 प्रतिशत कम है।

# आत्मघाती नींद से जगाने हेतु मानसूनी चेतावनी

नितिन यादव

**निस्संदेह, आपदा लाने वाले पैटर्न जलवायु परिवर्तन से जुड़े हैं जिसमें मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। गलत नीतियों के चलते कंक्रीटीकरण, नदियों की राह पर अतिक्रमण व वन कटान जारी है। जिससे बाढ़, जनहानि व बुनियादी ढांचे को क्षति बढ़...निस्संदेह, आपदा लाने वाले पैटर्न जलवायु परिवर्तन से जुड़े हैं जिसमें मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। गलत नीतियों के चलते कंक्रीटीकरण, नदियों की राह पर अतिक्रमण व वन कटान जारी है। जिससे बाढ़, जनहानि व बुनियादी ढांचे को क्षति बढ़ रही है। इस विनाश पर अंकुश लगाने को नीतियों में जलवायु परिवर्तन चिंताओं को जगह, इंफ्रास्ट्रक्चर के जलवायु ऑडिट व पर्यावरणीय प्रभाव आकलन व्यवस्था की समीक्षा जरूरी है।**



दक्षिण–पश्चिम मानसून ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा रखी है। अब तक मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक रही है और चरम मौसम संबंधी अनेक घटनाएं देखने को मिली हैं। पहले पहाड़ी सूबे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व जम्मू और कश्मीर सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए तो अब पंजाब में भी भारी बाढ़ की स्थिति बिगड़ती जा रही है, साथ ही राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ इलाके भी प्रभावित हैं। दक्षिणी राज्यों के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी भारी बारिश दर्ज की गई। बादल फटने, बाढ़, भूमि धंसने और भूस्खलन से जान–माल का काफी नुकसान हुआ है। इसी तरह, निजी संपत्ति और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भी भारी क्षति हुई। भारी बारिश के कारण पुल ढह गए हैं, कुछ बांध टूट गए, वहीं नए बने कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग भी बह गए और जलविद्युत परियोजनाओं को भारी नुकसान पहुंचने की सूचनाएं हैं। महत्वपूर्ण परिवहन संपर्क बाधित हुए हैं और फसलों की भारी तबाही की आशंका है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की भविष्यवाणी है कि यह सिलसिला अभी जारी रहेगा। सितंबर माह में भी देशभर में मासिक औसत वर्षा सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जिससे बाढ़, भूस्खलन, सड़क परिवहन में व्यवधान, जन स्वास्थ्य चुनौतियां और पारिस्थितिक क्षति जैसी मुश्किलें पैदा होने जा रही हैं। यह वैज्ञानिक रूप से स्थापित है कि वैश्विक मौसम बदलाव से भारतीय मानसून प्रभावित हुआ है। अध्ययन बताते हैं कि 1950 के दशक के बाद से अधिकांश थलीय क्षेत्रों में भारी वर्षा की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है, और इसकी एक बड़ी वजह मानव–जनित जलवायु बदलाव भी है। अंतर्राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन पैनल (आईपीसीसी) द्वारा जारी आवधिक आकलन में इन निष्कर्षों का संश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।मौसम विज्ञान विशेषज्ञ मानसून की बढ़ी तीव्रता के पीछे हिंद महासागर के ऊपर वायुमंडलीय नमी के अधिक जमाव को कारक मान रहे हैं, जो आगे, समुद्र सतह के तापमान में बढ़ोतरी के कारण बने अधिक वाष्पीकरण और साथ ही भूमि–समुद्र तापीय विषमता में इजाफे की वजह से यह जमाव ओर सघन हो रहा है। जैसे–जैसे मानसून विशालकाय वर्षा बादल समुद्र से लेकर, दक्षिण–पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ता जाता है वायुमंडलीय नमी का बढ़ा स्तर और ज्यादा नमी वाला आवरण पैदा करता जाता है, जिससे वृष्टि स्तर में और वृद्धि होती है। तो, क्या जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए हम आसान दोष जलवायु परिवर्तन पर मढ़ते जाएं और पर्यावरण, शहरी नियोजन, विकास, जल संसाधन, कृषि आदि से संबंधित अपनी सार्वजनिक नीतियों को 'पहले की भांति जारी' रखें? बिलकुल नहीं।पहला, जलवायु परिवर्तन अपने आप में – जैसा कि आईपीसीसी द्वारा परिभाषित किया गया है – मानवीय गतिविधियों से पैदा घटना है। मसलन, मानसून के प्रमुख संचालक अवयवों में से एक – गर्मियों में भूमि और समुद्र के बीच तापमान में अंतर– में बदलाव हो रहा है, जो मानवीय गतिविधियों से पैदा अत्यधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण है।जहां जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसमीय घटनाएं (मानसून में मूसलाधार बारिश और गर्मियों में प्रचंड गर्मी) बढ़ रही हैं वहीं गलत सार्वजनिक नीतियों मसलन, कंक्रीटीकरण, नदियों की राह पर अतिक्रमण, पहाड़ियों का विनाश, वन कटाई आदि के कारण उनके प्रभाव के रूप का बाढ़, जनहानि, बुनियादी ढांचे को क्षति आदि बढ़ रहे हैं। इसका समाधान जलवायु परिवर्तन और दोषपूर्ण विकास नीतियों पर एक साथ काम करने में है। सबसे पहले, हमें सार्वजनिक नीतियों को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा। दशकों से हम यह कहते रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इस पर कार्रवाई होती बहुत कम दिखाई देती है। राष्ट्रीय और राज्यों की जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं की प्रगति, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने तक ही सीमित होकर रह जाती है।दरअसल, सभी सार्वजनिक नीतियों में जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को मुख्यधारा बनाए जाने की। मसलन, पहाड़ों में नए जलविद्युत संयंत्र, राजमार्ग या सुरंग परियोजना का प्रस्ताव मंजूर करते वक्त अथवा निर्माण करते समय, हमें न केवल तात्कालिक पर्यावरणीय चिंताओं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न वर्तमान एवं भविष्य के जोखिमों का भी ध्यान रखना चाहिए। यही बात मैदानी इलाकों में विकास परियोजनाओं पर भी लागू होती है, जहां बिना सोचे–समझे कंक्रीटीकरण, झीलों और जलाशयों के विनाश के कारण शहरी बाढ़ एक नियमित घटना बन गई है।

दूसरा, हम पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) व्यवस्था की गहन समीक्षा करें। वर्षों से इसके अनिवार्य प्रावधानों को दरकिनार करने या इसे पूरी तरह से समाप्त करने के चतुर तरीके ईजाद किए गए हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण चार धाम राजमार्ग परियोजना है। संबंधित सरकारी एजेंसियों ने बृहद ईआईए नियमों पर अमल से बचने को 825 किमी लंबी परियोजना को 53 छोटे भागों में विभाजित कर दिया, जिससे प्रत्येक मार्ग की लंबाई 100 किलोमीटर से कम रह गई। इस तरह, वे पर्यावरणीय सुरक्षा प्रावधानों का पालन करने से बच निकले, क्योंकि ईआईए 100 किमी से अधिक लंबी सड़क परियोजनाओं हेतु अनिवार्य है।एक बड़ी परियोजना के इस तरह टुकड़े कर,पर्यावरणीय नियमों को दरकिनार करने को पर्यावरणविदों ने उजागर किया और सुप्रीमकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति के समक्ष उठाया था। कुछ मामलों में, ईआईए मंजूरी के बिना शुरू की गई परियोजनाओं को नियमित करने के लिए पर्यावरणीय मंजूरी पिछली तारीखों से प्रभावी दिखाकर प्रदान कर दी गई। सुप्रीमकोर्ट ने मई माह में इस प्रथा को अवैध करार देकर खत्म कर दिया।

विशालकाय विकास परियोजनाओं में निहित पारिस्थितिक जोखिमों की जानबूझकर अनदेखी और ईआईए शर्तों के उल्लंघन के विनाशकारी परिणाम, विशेष रूप से हिमालय में, अब साफ दिखाई देने लगे हैं। इसलिए, हमें न केवल ईआईए व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और इसे अधिक कठोर बनाने की आवश्यकता है।

## बिहार में अंधभक्तों का बोलबाला

# घबराई राजद गठबन्धन का मुंह काला

राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा



**बिहारियों का अंधभक्त होना ही राहुल, तेजस्वी, प्रशांत किशोर, द वायर और एम -वाय वाले चचा को खटक रहा । इन जैसों को घुटनों पर पटकना और आगे भी कोई देशविरोधी होंगे तो उन्हें भी यही अंधभक्त घुटनों पर लाएंगे इसकी गारंटी भाजपा ने ले रखी है । आपको 'द वायर' याद है जिसने अमित शाह के बेटे पर 300व मुनाफा कमाने का आरोप लगाया था और रातों रात चर्चा में आई थी? हालांकि 'द वायर' ने बाद में केजरीवाल की तरह माफी भी मांगी और कोर्ट में जुर्माना भरा था लेकिन द वायर का पर्दाफाश हुआ तो कांग्रेस उसके बचाव में उतरी । इंडी गठबन्धन संयुक्त मंच से तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टॉलिन ने सार्वजनिक रूप से सभी बिहार वासियों को खुलेआम गालियां दी थी । फिर इन्हीं राजद, कांग्रेस और माले के संयुक्त मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दिवंगत माताजी को सरेआम गालियां दी। अब निचताई ऐसी की नेहा सिंह राठौर जैसो को हायर किया गया है जिनका खर्चा ही शायद मोदी की राजनीति को गाली दे देकर चलता है**

कितने स्तरहीन हैं ये लोग जो प्रधानमंत्री की मां को दी गई गालियां तक को सही ठहरा रही । राजद और कांग्रेस के इन दोनों राजकुमारों को भी यह बुरा नहीं लगा और दोनों ने इस घृणित काम के विरोध में अब तक कोई पश्चाताप भी प्रकट नहीं किया है तो इसका क्या यह मतलब नहीं निकलता कि इन राजकुमारों की सहमति से ही प्रधानमंत्री की माताजी को गालियां दी गई। इन गालियों की प्रतिक्रिया में बिहारवासियों ने भी अभी तक संयम बरतने और चुप ही रहने की नीति अपनाई हुई है क्युकी जवाब वोट से देना है । जरा दिमाग पर जोर डालिये और मात्र दस साल पहले अगस्त, 2014 को याद कीजिये जब कांग्रेस ने प्रशांत किशोर को ठेका दिया था राहुल गांधी को राजनीति में चमकाने का ! प्रशांत ने कथित रूप से 350 करोड़ में राहुल गांधी को राजनीति का सूरज बना देने का कॉन्ट्रेक्ट साइन किया था। अगस्त के आखिर में प्रशांत किशोर ने बाकायदा सोशल मीडिया पर एक विज्ञप्ति निकाली थी कि जो लोग सोशल मीडिया पर लिखने में एक्सपर्ट हैं, वे उससे जुड़े ओर करीब 60 हजार लोगों की लिस्ट बनी। मुंबई में एक मीटिंग रखी गई, दूसरी बनारस में। लगभग पांच हजार लोगों को छांट कर एक आईटी सेल बनाई गई जो दिन रात कांग्रेस को अपग्रेड करते थे और बाद में अब उन्हें वोट चोरी नामक फर्जी एजेंडे को हाईलाइट करने के लिए एक्टिव किया गया है।'कैम्ब्रिज अनालिटिका' को भी याद कीजिये कि हजार करोड़ लेकर कांग्रेस से सरकार बनवाने का कॉन्ट्रेक्ट इसी कम्पनी ने लिया था। ये कैम्ब्रिज अमेरिकी कम्पनी है जिसने ट्रम्प का प्रचार किया था और कांग्रेस ने इसी बेस पर इसे राहुल गांधी के लिये हजार करोड़ देकर यहां भारत मे एप्रोच किया। अब प्रशांत किशोर ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया हैं लेकिन जाते–जाते करोड़ों रुपए का आईटी सेल दे दिया । उसकी बनाई आईटी सेल के हर व्यक्ति को बीस हजार महीने से लेकर योग्यता अनुसार कथित रूप से लाख से ऊपर तक महीने की तनख्वाह दी जाती है। प्रशिक्षण देकर मोदी से मुकाबला के लिए तैयार किया जाता हैं। हर विषय को कैसे हैंडल करना हैं, इस पर बाकायदा किताबें छपी हुई हैं और ये सब लोग दिन–रात अपनी तनख्वाह बढ़ाने के चक्कर में सोशल मीडिया पर लगे हुए हैं जो आज भी जारी है और हर महीने सेंकड़ों करोड़ पानी की तरह इन पर कांग्रेस बहा रही है पर रिज़ल्ट ज़ीरो।अब 'द वायर' , जन – संवाद जैसी हजारों वेबसाईट और ब्लॉग धड़ल्ले से चल रहे हैं जिनका काम सिर्फ फर्जी न्यूज और लिंक क्रिएट करना है और वही न्यूज बनानी है जो आईटी सेल चाहती है। कैम्ब्रिज ने इनसे दो कदम आगे बढ़कर वो फार्मूला आजमाया जो ये गोरे शुरू से आजमाते रहे हैं। केम्ब्रिज ने 2014 के वोट प्रतिशत और किस जगह से कितने आये, किस जाति से कितने आये, इसकी डिटेल निकाली और इन वोटों को तोड़ने की उसने बाकायदा आधिकारिक घोषणा की कि वह इस हिंदुत्व की एकता को ही तोड़ देंगे 'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी'। अब वोट चोरी वाले अफवाह को फैलाने के इस गेम को समझिये कि कहाँ से आया हैं ! फोटोशॉप जो नफरत फैलाते हैं इन्हें सक्रिय किया गया , कैसे गलत न्यूज रातों रात वायरल हो जाती हैं उस महाराष्ट्र वोट आंकड़े से उलझाया , कैसे मोदी के बयान को तोड़कर उसे गलत सिद्ध करने के लिये तुरन्त लिंक न्यूज फैल जाते हैं ? कैसे अखबार की एडिट कटिंग तुरन्त मिल जाती है? लेकिन बात यहीं तक नही है।

ये मोदी विरोध के चक्कर में कब देश का विरोध करने लगे, इन्हें भी नहीं पता! कब जातिवाद के चक्कर में धर्म को गालियां देने लगे, इन्हें भी नही पता। मोदी विरोध के फेर में ये भारत को ही गालियां देने लगे हैं। हां ! कथित तौर पर आइटी सेल के हर व्यक्ति को मोदी विरोध का पैसा मिलता है। जो जितना ज्यादा प्रभावी ढंग से विरोध करेगा, उतना ही ज्यादा पैसा है लेकिन इसका ये मतलब तो नहीं कि हमारी अक्ल घास चर रही है। केवल चार साल में इनका फैलाया जहर इस हद तक फैल गया कि दिमाग में एक दूसरे के लिये सिर्फ नफरत को जगह हैज्बाकी ब्लैंक ।

इंडी गठबंधन की इस वोट यात्रा में ज्यादातर लंपट किस्म के ही लोग थे जो दोनों राजकुमारों के ब्रिगेड में शामिल हैं और बिहार में एक दफा फिर से जंगलराज लाने के लिए काम कर रहे हैं। अगर बिहार में इंडी गठबंधन की सरकार आ गई तो यह तो है कि तब लालू राज से भी खतरनाक जंगलराज कायम हो जाएगा और तब राज्य से बचा खुचा उद्योग–व्यापार भी पलायन कर लेगा। इससे राहुल गांधी का क्या बिगड़ना है, भुगतेंगे तो बिहार के गरीब। राहुल तो पॉलिटिकल टूरिज्म पर बिहार आए हैं।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।
दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।
फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com









**फोटो परिचय :** आई.आई.टी. कानपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार महोदय द्वारा कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड, रूट व्यवस्था आदि का भ्रमण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस अवसर पर आईआईटी कानपुर नगर के निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल, जिलाधिकारी कानपुर नगर श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर श्रीमती दीक्षा जैन, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री कपिल देव सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त, अभिसूचना श्री महेश कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर श्री रणजीत सिंह भी मौजूद रहे।

# बारिश में कच्चे घर की छत ढही, मलबे में दबी बालिका को ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद निकाला, घायल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। दरियागंज गांव में मंगलवार की सुबह बारिश के दौरान कच्चे घर की छत भरभरा कर ढह गई। मलबे में दबकर 10 वर्षीय बालिका घायल हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला।

अस्पताल में उसका इलाज हो रहा। वहीं, घर गिरने से गृहस्थी सामान नष्ट हो गया।

दरियागंज गांव निवासी उमेश कुमार कश्यप खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। सुबह झमाझम बारिश के दौरान कच्चे घर की छत भरभराकर ढह गई। उसकी बेटी अनन्या (10) मलबे में दब गई।

छत से गिरने से धमाके की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, एसडीएम संजीव दीक्षित ने जांच कर मजदूर को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।





# चकेरी थानाप्रभारी के खिलाफ उन्हीं के थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी थानाप्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के खिलाफ उन्हीं के थाने में हाईकोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। एक महिला ने उनकी जमीन पर पुलिस बल समेत अन्य साथियों के साथ तोड़फोड़ कर कब्जा करने व पति समेत पक्ष के अन्य लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी समेत तत्कालीन सनिगवां चौकी इंचार्ज, एक बिल्डर व एक अन्य के अलावा 40 अज्ञात पर डकैती, घर में अवैध रूप से घुसकर तोड़फोड़ करने समेत सात धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।लालबंगला के चंद्र नगर निवासी संगीता जायसवाल के मुताबिक उनके प्लॉट में दुकानें बनी हैं, जिनका वह लगातार गृहकर भी भर रही हैं। उनके मुताबिक इस जमीन के स्वामित्व का विवाद सुशील वार्ष्णेय व अभिषेक वार्ष्णेय से वर्ष 2023 से कोर्ट के एफटीसी सीनियर डिवीजन में विचायाधीन भी है। वहीं इसका एक वाद हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। इसके बाद भी चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला, तत्कालीन सनिगवां चौकी प्रभारी अंकित खटाना, योगी बिल्डर व धर्मेंद्र यादव के साथ करीब 40 अज्ञात व पुलिस बल बीती 29 मार्च को जमीन पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने बिना कोर्ट या सक्षम अधिकारी के आदेश के जमीन की दीवार और मेनगेट तोड़कर अवैध रूप से कब्जा करवा दिया।

# लतीफ शाह रहमतुल्लाह अलैह का 56वां त्रिद्विवसीय सालाना उर्स मनाया गया

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूर्व वर्षों के अनुसार हज़रत अब्दुल लतीफ शाह कादरी चिश्ती अशरफी रहमतुल्लाह अलैह का 56वां त्रिद्विवसीय सालाना उर्स मुबारक (वार्षिकोत्सव) नफीसउद्दीन लतीफी अशरफी

सज्जादानशीन नेतृत्व में आयोजित किया गया है। अन्दुरून तकिया बिसातियान बकरमण्डी कानपुर नगर में बाद नमाजेइशा मिलादुन्नबी के प्रोग्राम से तिलावते कुरआन के साथ शुरू हुआ। जिसमें पहले नातिया मुशायरे का प्रोग्राम आयोजित हुआ



जिसमें नातख्वाह व दीगर शोराए कराम ने शिरकत की और पैगम्बरे इस्लाम सल्ललाहो अलैह वसल्लम व हजरत अब्दुल लतीफ शाह रहमतुल्लाह अलैह की शाने अकदस में नातिया कलाम व, खातिबे अहले बैत हजरत अल्लामा मौलाना अबरार हुसैन वारसी मिर्जापुर ने हदिया ए अकीदत पेश किये। बादहू मिलादुन्नबी मुनक्किद हुआ। जिसमें निज़ामत जनाब शब्बीर अशरफी दीगर उल्माये कराम ने बारगाह में नज़राने अकीदत पेश किये। और उनके बताये गये उसूलों पर चलने की तलकीन की व दुआ के साथ जलस-ए मिलाद का समापन किया गया।3 दूसरे दिन यानि 1 सितमब्रा 2025 को बाद नमाज इशा महफिले शमा (कव्वाली) का प्रोग्राम मुनक्किद हुआ। जिसमें चुनिन्दा कव्वाल गुलाम वारिस, देवे शरीफ, व राजा सरफराज रामपुर दीगर वगैरह ने अपने अपने कलाम पेश किये। महफिले शमा का प्रोग्राम तमाम रात होने के बाद नमाजे फजरि के पहले खत्म हुआ तथा दिनांक 02 सितम्बर 2025 को दिन में 11 बजे हजरत अब्दुल लतीफ शाह रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ सम्पन्न हुआ। जिसमे भारी संख्या में अकीदतमंद हजरात व श्रद्धालुओं व जनसाधारण की सुविधा को देखते हुए आवश्यक इन्तेजाम किये गये थे।

# महिला दोस्त के घर आई युवती से हाथ-पैर बांधकर सामूहिक दुष्कर्म, आठ पर रिपोर्ट

» बीपीएस न्यूज

कानपुर । बिधनू के एक गांव में आठ जुलाई को महिला दोस्त के घर आई हमीरपुर की एक युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर आधा दर्जन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने युवती का अश्लील वीडियो भी बनाया। होश आने पर युवती को जान से मारने की धमकी दी और विरोध करने पर वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस अफसरों के आदेश पर सोमवार को पांच नामजद और तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हमीरपुर के ललपुरा थानाक्षेत्र निवासी युवती की दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 27 जनवरी 2024 को हमीरपुर के किंग रोड निवासी युवक से उसकी शादी हुई थी। पति से विवाद के बाद मामला न्यायालय में पहुंच गया था। कोर्ट आने-जाने के दौरान बिधनू के एक गांव निवासी महिला उसकी दोस्त बन गई थी। आठ जुलाई को महिला ने उसे घर बुलाया। आरोप है कि रात में उसके खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया जिसके वह बेहोश हो गई। देर रात होश आने पर उसके हाथ पैर बंधे थे। आरोप है कि महिला के घर में पहले से मौजूद सजेती थानाक्षेत्र के धिरिजापुर निवासी जोगेंद्र यादव, अफजलपुर निवासी अशोक यादव, हमीरपुर किंगरोड निवासी योगेंद्र सचान और तीन अज्ञात लोगों ने दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला दोस्त और उसकी बहन ने उसका वीडियो भी बना लिया जिसे व्हाट्सएप से जुड़े दो नंबरों पर वायरल कर दिया।

वीडियो डिलीट करने को कहा तो महिला दोस्त ने 17 जुलाई को फिर घर बुलाया और उसे कमरे में बंदकर फिर से अज्ञात लोगों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर वीडियो डिलीट करने के बदले दो लाख रुपये की मांग की। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 30 जुलाई को परिजनों के साथ डीसीपी साउथ दीपेंद्रनाथ चौधरी के कार्यालय में तहरीर दी। बिधनू पुलिस ने मामले की जांच कर करीब एक महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

बिधनू इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य

# बुद्धा पार्क में शिवालय बनाने के विरोध में दिया ज्ञापन: बबली गौतम



कानपुर। भीम आर्मी – आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) कानपुर का प्रतिनिधि मण्डल कानपुर नगर आयुक्त से मुलाकात कर बुद्धा पार्क मामले पर चर्चा कर भीम आर्मी संस्थापक आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकप्रिय नगीना सांसद मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद जी के द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय को पत्र द्वारा दिए गए सुझाव के बारे में अवगत कराया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा आश्वासन दिया की शिवालय पार्क अटल घाट में बनाया जाएगा तथा बुद्धा पार्क यथावत स्थित में रहेगा। बबली गौतम के द्वारा बताया गया कि इस घटना के विरोध में भाई चंद्रशेखर आजाद जी ने पत्र भी सरकार को लिखा है। ये सरकार बहुजन महापुरुषों के इतिहास को मिटाना चाहती है और देश प्रदेश में एक दूसरे धर्मों के लोगों को को आपस में लडाना चाहती है। अगर बुद्धा पार्क में शिवालय बनाने का निर्णय वापस नहीं लिया तो एक बड़ा आंदोलन होगा।इस मौके पर तुलसीराम वाल्मीक प्रदेश सचिव आजाद समाज पार्टी,मूलचंद्र जिला संरक्षक भीम आर्मी,शिद्धार्थ विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष भीम आर्मी,राम बाबू गौंड जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, बबली गौतम कोषाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी,ओ पी गौतम भीम आर्मी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में पर्यावरण जागरूकता को लेकर संदेश

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार कल हिंद जमीअत उल आवाम के तत्वाधान में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की 1500 साला यौम ए पैदाइश की खुशी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत आज पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए पौधे लगाए गए क्योंकि पैगंबर मोहम्मद साहब ने पर्यावरण को लेकर बहुत से संदेश दिए जिसमें उन्होंने कहा एक पेड़ लगाना और उसकी हिफाजत करते हुए उसको बड़ा कर लेना बहुत बड़ा शबाब का काम है क्योंकि पेड़ जब तक के रहेगा छाया से भी लोगों को फायदा होगा साथ ही साथ उससे निकलने वाले फल लकड़ी और ऑक्सीजन से मानवता की सेवा होगी इस काम को इस्लाम धर्म में सदका ए जरिया कहा जाता है तो हम सबको भी




पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश के मौके पर उनकी बताई हुई बातों को आम करना है और इंसानियत की खिदमत करना है चाहे उसका तरीका कोई भी हो आज हमारी संस्था पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का पैगाम दे रही है ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण को लेकर जागरूक्ष रहे क्योंकि यह पेड़ हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है और हमारे आने वाली पीढियां के लिए वरदान एक पेड़ लगाएंगे तो उसका फायदा हमको भी मिलेगा और हमारे आने वाली जनरेशन को भी मिलेगा तो इस मुबारक मौके पर हम सब ने यह संकल्प लिया कि पेड़ लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया जाए इस मौके पर मुख्य रूप से संस्था के महामंत्री महबूब आलम खान नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी क्षेत्रीय पार्षद वार्ड 89 कोपरगंज सुशील तिवारी अलीम खान नगर सचिव मोहम्मद कफिल खान महताब आलम शशांक मिश्रा मोहम्मद हारुन राइन गुलाम नबी मोइन खान जीतू राशिद खान मोहम्मद उस्मान शाहिद खान आदि लोग मौजूद।

# एनसीसी कैडेटों को एमएलसी अरुण पाठक ने दिए प्रमाण पत्र

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राधिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुए कैंप प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी अरुण पाठक पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया जिला अध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह ने एनसीसी के कैडेटों को वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर बिल पांडे ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत श्री पांडे एवं प्रधानाचार्य ने पटका पहन कर किया। कार्यक्रम के पूर्व भाजपा नेताओं के साथ-साथ विद्यालय के प्रबंधक एवं शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां की बात को गंभीरता पूर्वक सुना इसके उपरांत प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण पाठक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी की ट्रेनिंग भी अति महत्वपूर्ण है आगे चलकर आप सभी लोग भारतीय सेना में भी रोजगार प्राप्त कर देश की सेवा कर सकते हैं। पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया ने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि जिस प्रकार से डबल इंजन की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है वह अपने आप में काबिले तारीफ है हर छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए ताकि आगे चलकर वह देश का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम की रूपरेखा दीपमाला एवं सुनीता ने की थी। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष पांडे जितेंद्र श्रीवास्तव वंदना सिंह अतुल दीक्षित संजीव बेरी शिवानी चिंता सिंह चंदेल आदि लोग मौजूद रहे।

# जश्न-ए-चिरागां में दिखी खुशी और सद्भाव की झलक



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर में गुरुवार शाम को जश्न–ए–चिरागां बड़े ही उत्साह और पारंपरिक ढंग से मनाया गया। शहर के मुस्लिम इलाके और मस्जिदें रोशनी से झिलमिलाती नजर आईं। पूरी रात रौनक रही और लोगों का आना–जाना लगा रहा। शुक्रवार दोपहर दो बजे परेड ग्राउंड से जुलूस–ए–मोहम्मदी निकलेगा।

जाजमऊ, बेकनगंज, चमनगंज, डिप्टी पड़ाव, मछरिया, रावतपुर आदि इलाकों में कमेटियों व स्थानीय लोगों ने खूबसूरत गेट और सजावट के साथ ही जलसे आयोजित किए। यहां हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नत के अनुसार मोमिनों ने जश्न मनाया। लोगों ने घरों में मोमबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ी। कुरान ख्वानी और मिलादें कर पैगंबर साहब की आमद में खुशियां मनाईं। जश्न के दौरान मशहूर कव्वालों ने कलाम और नात शरीफ पेश किए जिसे सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों में पर्व को लेकर खास उत्साह था। शहर में जश्न–ए–चिरागां का आयोजन सांप्रदायिक सद्भाव का भी प्रतीक है। विभिन्न धर्मों के लोग जश्न में शामिल होकर एक–दूसरे को बधाई दे रहे थे।गरीब नवाज का रौजा देखने को लगी अकीदतमंदों की भीड़जाजमऊ केडीए कॉलोनी में गौसिया कमेटी की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज के रौजा का मॉडल बनाया गया। इसे देखने के लिए भीड़ लगी रही। कमेटी के सदस्य मो. आसिफ वारसी ने बताया कि पिछले कई सालों से कमेटी की तरफ से ईद मिलादुन्नबी नबी पर अलग अलग मॉडल बनाए जाते हैं। गौसिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अनीस ने सभी का धन्यवाद किया। यहां पर मो. आसिफ वारसी, मो. राशिद, अर्सलान, शाजैन, मो. शोएब, आशू खान, फरदीन आदि रहे। वहीं जाजमऊ की पुरानी चुंगी पर इंडोनेशिया की मस्जिद की तर्ज पर गेट बनाया गया। यहां पार्षद नूरैन अहमद, जावेद अहमद, इरफान, सादिक सिद्दीकी, सरफराज आलम, शेरान आदि रहे।जूही में बने ताजमहल ने सभी को किया आकर्षितजूही लाल कालोनी स्थित कुआं वाले चौराहे पर उत्तर प्रदेश तंजीमुल मोमनीन कमेटी की ओर से 55 फुट ऊंचा ताजमहल बनाया गया। यहां फोटो और सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी रही। यहां पर कमेटी के सदस्य शराफत अली, पप्पन, शाहनवाज शानू, मो. इरफान, वहीद अहमद, रय्यान, शाकिर हुसैन, मुन्ना काके, अब्दुल वहीद, जाकिर हुसैन, लियाकत अली, इम्तियाज अहमद, जाकिर खान, नासिर हुसैन, सोनू सिद्दीकी, सन्नू खान, सरफराज अहमद, दिलशाद चिश्ती, रहमान खान, इजहार बरकाती आदि रहे।जुलूस में लोग दुरूद पढ़ते हुए चलें :शहरकाजीशुक्रवार को परेड ग्राउंड से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं। अलग–अलग अंजुमनें अपने–अपने झंडों के साथ आकर एक जगह मिलती हैं। जुलूस अपने तय रास्तों से निकलेगा। शहरकाजी मुफ्ती डॉ. मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी इंसानियत और खुशी का मौका है। उन्होंने कहा कि जुलूस–ए–मोहम्मदी के दौरान लोग दुरूद पढ़ते हुए चलें।

# एबीवीपी आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राजभर का फूंका पुतला



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को छात्रों से हो रही धोखाधड़ी के विरोध में परेड चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान फूंकने के लिए लाए गए मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुतले को छीनने पर कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। विरोध में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सड़कों पर लेट गए। इसी बीच पीपीएन कॉलेज के सामने कार्यकर्ताओं ने दूसरा पुतला लाकर फूंक दिया।कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। महानगर मंत्री मयंक पासवान ने कहा कि श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (स्त्र्रू), बाराबंकी में छात्रों से की जा रही खुली लूट और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से विधि पाठ्यक्रमों की मान्यता न होने के बावजूद प्रवेश के नाम पर हो रही धोखाधड़ी के जैसी समस्याओं के समाधान की मांग छात्र कर रहे



थे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की जायज आवाज को दबाने के लिए पुलिस बल और बाहरी असामाजिक तत्वों की मदद से आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया।इस मामले में मंत्री ओमप्रकाश राजभर का एबीवीपी छात्रों को गुंडा कहना और उन पर लाठीचार्ज को सही ठहराना लोकतंत्र की आत्मा के साथ खुला धोखा है। डीएम को ज्ञापन सौंपकर 48 घंटे के अंदर कार्रवाई की मांग की है।यदि राजभर ने माफी नहीं मांगी तो विरोध प्रदर्शन का स्वरूप और बड़ा होगा। सुधांशु, दिनेश यादव, आशुतोष, खुशी, एल्विन, उज्ज्वल, उपेंद्र, प्रभात, पीयूष, दीपक, गुंजन, राम, हर्षित, ज्ञानेंद्र, अर्जुन, प्रतिमेश, श्रेयांश, समीर, नैतिक, आयुष, आदित्य, प्रखर, अभिलाष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उन्नाव समेत छह जिलों में 22 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटर, एआई ने पकड़े

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायतवार संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची ऑनलाइन जारी की है। बीएलओ सभी मतदाताओं का सत्यापन करने के बाद अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपेंगे। सही पाए जाने वाले मतदाता के आधार कार्ड के अंतिम चार अंकों को सूची पर दर्ज करेंगे।

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला सुर्खियों में है। इस बीच उत्तर प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से कराई गई जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बुंदेलखंड और कानपुर के आसपास के जिलों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के डुप्लीकेट नाम पाए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा 13 लाख डुप्लीकेट नाम हरदोई में हैं। सिर्फ छह जिलों में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटर हैं।बांदा में डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या एक लाख से ज्यादा बताई जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजी गई सूची में इनके नामों का खुलासा हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारियों के आदेश पर डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची सत्यापन कराने के लिए बीएलओ को सौंप दी गई है। अब बीएलओ घर–घर जाकर इन मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और नई मतदाता सूची तैयार करेंगे। यह सूची एआई की मदद से तैयार की गई है।आधार कार्ड के अंतिम चार अंकों को सूची पर दर्ज करेंगे

कुछ वोटर ऐसे भी मिले हैं] जो शहर के साथ ही गांव में भी मतदान करते आ रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायतवार संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची ऑनलाइन जारी की है। बीएलओ सभी मतदाताओं का सत्यापन करने के बाद अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपेंगे। सही पाए जाने वाले मतदाता के आधार कार्ड के अंतिम चार अंकों को सूची पर दर्ज करेंगे। न मिलने वाले मतदाता के नाम के आगे न लिखा जाएगा, ताकि उन नामों को सूची से हटाया जा सके। इन सभी मतदाताओं के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। अब मतदाता सूची में एक व्यक्ति या महिला का एक ही जगह वोट रह पाएगा। डुप्लीकेट वोटों को सत्यापन के बाद सूची से हटा दिया जाएगा।



# जगन्नाथ गली में धूमधाम से मना 16वां श्री गणेश महोत्सव

कानपुर। शहर के जर्नलगंज स्थित जगन्नाथ वाली गली में इस वर्ष 16वां श्री गणेश महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान 3 सितंबर को राजगद्दी कार्यक्रम संपन्न हुआ। राजगद्दी के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण 卐गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान की आराधना कर सुख–समृद्धि और मंगलकामना की।इस आयोजन की मुख्य संयोजक श्रीमती चंद्रकला और अंबिका प्रसाद अग्रवाल रहे। श्रद्धालुओं ने उनके द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की और कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश महोत्सव का कार्यक्रम भक्तिमय और अनुकरणीय रहा।

# यूपी को देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की तैयारी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। 1960 तक उत्तर प्रदेश का देश की अर्थव्यवस्था में 14 फीसदी योगदान रहता था। फिर सरकारें बदलीं और धीरे–धीरे यह योगदान केवल सात फीसदी रह गया। यह बीमारू प्रदेश बनकर रह गया लेकिन पिछले आठ वर्षों में प्रदेश तरक्की कर रहा है और एक बार फिर देश में दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जल्द ही इसे देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की तैयारी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईआईटी में चल रहे समन्वय कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, साइबर सुरक्षा, सस्टेनबिलिटी के साथ कृषि, जल संसाधन पर काम हो रहा है। 2017 में सिर्फ लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में साइबर थाना थे। वर्तमान में सभी 75 जिलों में साइबर थाना और सभी 1583 थानों में हेल्प डेस्क बनी है। महोबा के किसान अब साल में 5,000 नहीं 50,000 रुपये कमा रहे हैं। छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे के बजाय सामान्य श्रेणी में आ गए हैं।

ऑडीटोरियम में आयोजित फ्लैगशिप कॉरपोरेट–एकेडमिया समिट समन्वय का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, टीसीएस के सीटीओ डॉ. हैरिस विन, संस्थान के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल व उप निदेशक प्रो. बृजभूषण ने किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17वीं शताब्दी तक भारत की अर्थव्यवस्था नंबर एक रही। देश ग्लोबल जीडीपी में 25 फीसदी योगदान देता था मगर 1947 तक यह योगदान केवल दो फीसदी ही रह गया। पिछले 11 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से भारत दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि अगले दो वर्षों में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी है।

पिछली सरकारों में अकादमिक संस्थानों में रिसर्च केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित थीं। सामाजिक सरोकार से कोई लेना देना नहीं था। जबकि अब संस्थान देश की समस्याओं को तकनीक रूप से सुलझाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल के गणितीय मॉडल की तारीफ की। कहा कि सभी में योग्यता है बस सही योजक की जरूरत है। यह कार्यक्रम ऐसे ही योजक का कार्य करेगा।

# सेंट्रल पर कैटरिंग सेवाओं की हुई जांच

## जांच के दौरान 10,150 रुपये का जुर्माना वसूला - 14 अवैध वेंडर पकड़े गए

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यकर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर विशेष अभियान चलाया गया। उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के निर्देशन में हुए इस अभियान में कैटरिंग सेवाओं की गहन जांच की गई।यात्रियों और आगंतुकों से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए, जिसमें भोजन की गुणवत्ता, दरों और स्वच्छता को लेकर सुझाव प्राप्त हुए। औसतन हर शिफ्ट में 20 से अधिक फीडबैक दर्ज किए गए। इन प्रतिक्रियाओं के आधार पर कैटरिंग सेवाओं का मूल्यांकन किया गया।जांच के दौरान 10,150 का ऑन–द–स्पॉट जुर्माना वसूला गया तथा 14 अवैध वेंडरों को रेल सुरक्षा बल के हवाले किया गया। सभी स्टॉल संचालकों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल आवंटित स्थान का ही उपयोग करें और यात्रियों को ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन ही उपलब्ध कराएं।

रेलवे प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी ओवरचार्जिंग, गंदगी या घटिया भोजन परोसे जाने की शिकायत मिली तो दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी। न केवल



जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि जरूरत पड़ने पर उनके अनुबंध भी रद्द कर दिए जाएंगे।

उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह ने यात्रियों से अपील की कि वे भोजन या पेय पदार्थ लेते समय बिल अवश्य लें और पैकेज पर अंकित मूल्य की जांच करें। यदि मूल्य और वसूली गई राशि में अंतर हो तो तुरंत रेलवे स्टाफ को सूचित करें।रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# कानपुर प्रेस क्लब की ओर से एआई के युग में पत्रकारिता की चुनौतिया, आयोजित की गई गोष्ठी

» एआई को अपना मास्टर न बनाएं, वरना डिज़ास्टर होगा

» इस तकनीक को अपना सहायक बनाकर इस्तेमाल करेंगे तो इसका खूब लाभ मिलेगा और विकास के रास्ते आसान होंगे



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) एक ऐसी तकनीक है कि यदि इसे अपना मास्टर मानकर इस पर निर्भर हो गए तो बड़ा डिज़ास्टर हो सकता है। इसे बतौर अपना सहायक इस्तेमाल करें तो काम आसान होगा और तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

ये विचार कानपुर प्रेस क्लब की ओर से फ्एआई के युग में पत्रकारिता की चुनौतियांफ् विषय पर आयोजित गोष्ठी में विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्यक्त किए।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विभोर सचान ने कहा कि एआई एकत्र डाटा और ऑब्जर्वेशन पर काम करता है। यह तकनीक मस्तिष्क पढ़कर निष्कर्ष दे सकती है, लेकिन इसमें संवेदना, जज्बात, भावना, मानवता और दयालुता नहीं होगी। इसे बॉस न बनाएं, निर्भर न रहें, इसे सहायक बनाएं तो भरपूर लाभ ले सकते हैं। एआई विशेषज्ञ प्रोफेसर अनोखेलाल पाठक ने कहा एआई की मायावी दुनिया से बड़े खतरे भी हैं और इससे सावधानी के लिए जागरूक करने का काम मीडिया का है। एआई की मदद से तथ्य तलाश सकते हैं, एकत्रित डाटा से रिफ्रेंन्स ले सकते हैं, लेकिन समय, परिस्थिति, माहौल और प्रस्तुतीकरण तो पत्रकार को ही करना होगा। झूठ नरेटिव तोड़ने का काम पत्रकार का है। एआई पत्रकारिता को आसान बना सकती है, लेकिन ज़रा भी चूके तो बड़ा नुकसान भी कर सकती है। आखिरकार यह तकनीक तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता ही है।मशहूर चिकित्सक डॉ.अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तो इस तकनीक के इस्तेमाल में बेहद सतर्कता की ज़रूरत है। ये तकनीकी टूल्स काम आसान कर देंगे, लेकिन डॉक्टर किसी मरीज के सिर पर प्यार से हाँथ फेरकर कहता है कि फ्मैं हूं न, आप निश्चित ठीक हो जाएंगे फ्, और ये संवेदना एआई नहीं दे सकती। हां, इससे लाभ भी बहुत हैं, मगर सावधानी भी ज़रूरी है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रमेश वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता में एआई का प्रवेश खबरों में इनपुट का काम बेहतर कर सकता है, लेकिन उस पर पूरी तरह निर्भर हुए तो फिर नुकसान की भरपाई होना मुश्किल है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस वाजपेयी ने अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकारों की जागरूकता के लिए इस तरह की गोष्ठियां निरंतर आयोजित की जाएंगी। महामंत्री शैलेश अवस्थी ने सभी का आभार जताया और संचालन वरिष्ठ पत्रकार आलोक पांडे ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष गौरव सारस्वत, मंत्री शिवराज साहू, सुनील साहू, मोहित दुबे, अभिषेक मिश्रा, गगन पाठक, चंद्रगौरव, अनिल त्रिपाठी, कौस्तुभ मिश्रा, नौसाद, शशांक शुक्ला, अर्जित, वेद गुप्ता, दीपक, अनुज, मयूर शुक्ला, सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# नगर निगम जोन 3 में दो सफाई नायकों के बीच फंसी सफाई व्यवस्था, लोग गंदगी में रहने को हुए मजबूर



» बीपीएस न्यूज/आशीष शर्मा

कानपुर। दो सफाई नायकों के बीच फंसी सफाई व्यवस्था आपको बताते चलें कि नगर निगम जोन 3 के वार्ड 80 और वार्ड 36 के सफाई नायकों में सफाई कराने को लेकर टाल मटोल की स्थिति बनी हुई है। वार्ड 80 और वार्ड 36 के सफाई नायक एक दूसरे का कार्य क्षेत्र बताते हुए खुद से पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे है। क्षेत्र के लोग गंदगी में रहने के लिए मजबूर हैं, लोगो का कहना है। कि चुनाव के समय क्षेत्रीय पार्षद केवल वोट मांगने आते हैं, और फिर कभी झांकने तक नहीं आते, गंदगी में रहकर हमारे घरों के बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं सभी बीमारी से ग्रसित हो रहें हैं।बाबूपुरवा कालोनी व उससे जुड़ा हुआ क्षेत्र अजीतगंज जो कि वार्ड 80 और वार्ड 36 का बार्डर कहलाता है, जहां गंदगी अत्यधिक चरम सीमा में फैली हुई है। कोई भी नगर निगम का कर्मचारी सफाई के लिए नहीं आता, कई बार शिकायत करने के बाद भी गंदगी में रह रहे। लोगों को सफाई के नाम पर केवल आश्वासन मिलता है, जो कि जनता मजबूरन स्वीकार करती है।





# शिक्षक दिवस पर 57 शिक्षकों का हुआ सम्मान

» शिक्षा देना मानवता की सर्वोच्च सेवा है- अरुण पाठक

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने 57 शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया।

एमएलसी अरुण पाठक ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में शिक्षकों की अथक मेहनत से प्रदेश में शिक्षा का स्तर काफी सुधरा है। बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक लगातार नवाचार कर बच्चों के भविष्य को सँवारने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा देना मानवता की सर्वोच्च सेवा है, शिक्षक सृजनकर्ता है और सही मायनों में राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करता है।

डीआईओएस संतोष राय ने कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे न केवल शिक्षा का स्तर ऊँचा करते हैं बल्कि बच्चों में संस्कार और नैतिक मूल्यों का भी संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के शिक्षक लगातार उत्कृष्ट कार्य कर नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं।सम्मानित शिक्षकों में माध्यमिक विद्यालयों से रामरानी पालीवाल, प्रशांत कुमार अग्निहोत्री, ममता देवी, अभय कुमार त्रिपाठी, वाचस्पति शास्त्री, सुधा उत्तम, शालिनी पांडेय, सुनील कुमार दुबे, वनीता मल्होत्रा, बृजमोहन कुमार सिंह और पूजा अवस्थी शामिल रहे।

बेसिक शिक्षा विद्यालयों से जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें ज्ञानेंद्र कुमार, मनोज कुमार, आलोक सिंह, राकेश पाल, सीमा कुमारी, ममता कटियार, निधि कटियार, वेद प्रकाश, नवीन श्रीवास्तव, डॉ. देव नारायण, कविता सिंह, मोहम्मद हनीफ, पूनम दुबे, सियाराम यादव, सीमा ज्ञान, रंजीता वर्मा, राहत जहां, देवेश मिश्रा, अजय कुमार सविता, वैश मोहम्मद, आशीष उमराव, बबीता सिंह, जितेंद्र सचान, नसरे आलम, रंजना कनौजिया, सोनी कमल, सुशील कुमार त्रिपाठी, अमित मिश्रा, रजनीश सचान, पिंकी शर्मा, निशा पाल, शहनाज, रेनू अवस्थी, कामायनी शर्मा, मोहिनी, वेदनारायण त्रिपाठी, सुमन, कौशलेंद्र चंद्र, तृप्ति मिश्रा, विजय भद्र, सुनीता, मनीष कुमार, गरिमा सचान और राकेश कुमार प्रमुख रहे।कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और संचालन राजेश यादव ने किया। इस मौके पर एडीआईओएस प्रशांत द्विवेदी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## PET परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का दिया निर्देश

कानपुर। पीट परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा थाना गोविन्द नगर अंतर्गत आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को सतर्कता व संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण व सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सके।

# शादी के 76 दिन बाद नवदंपती के सुपुर्द ए खाक के साथ मौत का राज दफन





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नौबस्ता क्षेत्र में नवदंपती ने मौत को गले लगा लिया था। शादी के 76 दिन बाद नवदंपती की मौत का राज उनके सुपुर्द ए खाक के साथ दफन हो गया।

नौबस्ता थानाक्षेत्र के बूढ़पुर मछरिया में मंगलवार को शादी के 76 दिन बाद नवदंपती साजिद और सूफिया की मौत का राज उनके सुपुर्द ए खाक के साथ दफन हो गया। बुधवार को दोनों का पोस्टमॉर्टम किया गया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। बाजार से लौटने के बाद दोनों ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी थी।पोस्टमॉर्टम हाउस में साजिद के पिता सईद अहमद ने रुंधे गले से कहा कि साजिद मेहनत कर परिवार चला रहा था। सूफिया भी बहुत खुशमिजाज स्वभाव की थी। शादी के बाद से दोनों मिलजुलकर रह रहे थे। बताया कि शाम चार बजे दोनों हंसते हुए बाजार से लौटे थे। फिर अचानक ऐसा क्या हुआ जिसके बाद दोनों ने इतना खौफनाक कदम उठा लिया। परिजनों ने किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है।पिता ने बताया कि साजिद की शादी 17 जून को हुई थी। छह बेटों में मो. चांद, ताज, आसिफ, सैफ, सूफियान व बेटी सबा है। पत्नी कनीज फातिमा की पहले मौत हो चुकी है।

# धार्मिक स्थल के पास लघुशंका करने से मना करने पर दंपती को पीटा, पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

» बीपीएस न्यूज

बांदा। कथित रूप से धार्मिक स्थल के बगल में लघुशंका कर मोबाइल से रील बना रहे समुदाय विशेष चार युवकों को मना करने पर चारों ने दंपती को लाठी-डंडों से पीट दिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चारों का शांतिभंग में चालान किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मामला पानी पीने को लेकर आपसी मारपीट का बताया जा रहा है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी गांव निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की देर शाम वह अपनी पत्नी चावड़ी के साथ खेत से लौट रहे थे।

उन्हें पानी की प्यास लगी तो वह पास ही में स्थित एक धार्मिक स्थल में पानी पीने के लिए चला गया। आरोप है कि वहां धार्मिक स्थल के बगल में कथित रूप से तिंदवारी थाना क्षेत्र के जमुवा गांव निवासी सलमान, परवेज खान, शाहबाज व रहीम लघुशंका कर रहे थे।

उन्हें मना किया तो चारों ने अभद्रता करते हुए लाठी से पीट दिया। बचाने दौड़ी उसकी पत्नी को भी पीट दिया।

घटना की जानकारी लगने पर हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपी युवकों को वहां से खदेड़ दिया।

रात में हिंदू संगठन के लोग कोतवाली पहुंचे और चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। हिंदू संगठन के लोगों का आरोप है कि चारों आरोपी लघुशंका करने के दौरान रील बना रहे थे।

धर्मेंद्र की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर चारों का शांतिभंग में चालान किया गया है। मामला आपसी विवाद का था। जांच में धार्मिक स्थल के पास लघुशंका करने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। मामला पानी पीने को लेकर आपसी विवाद का बताया गया है।

# विसर्जन यात्रा में दिखा उल्लास, विदाई में भर आई आंख, भक्तों ने खूब उड़ाया गुलाल व अबीर

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के बीच बुधवार को घाटों पर गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। घाटों पर विशेष तालाब बनाए गए थे जहां पूरी श्रद्धा के साथ भक्तों ने बप्पा को विदाई दी। श्री लंबोदर महाराज की विसर्जन यात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए और अबीर-गुलाल की होली खेली। यात्राओं की शुरुआत उल्लास से हुई लेकिन विसर्जन के समय भक्तों की आंखें भर आईं।बुधवार दोपहर से लेकर शाम तक जनरलगंज, किदवईनगर, गोविंदनगर, आर्यनगर, आचार्यनगर, घंटाघर, जाजमऊ, पीरोड, शास्त्रीनगर समेत अनेक इलाकों से बप्पा की प्रतिमाएं लेकर लोग सरसैया घाट, परमटघाट, काली घाट, गोला घाट, पहुंचे। महाराष्ट्र मंडल खलासी लाइन के तत्वावधान में गणेश महोत्सव में बुधवार को महिलाओं का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह महाराष्ट्र का पारंपरिक उत्सव है। इसमें महिलाएं अपने सौभाग्य की कामना करती हैं।वहीं जूही लाल कॉलोनी स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर प्रांगण में सद्भावना कमेटी की ओर से गणेश महोत्सव में महाआरती हुई। इसमें करीब 250 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिन्होंने अपने आरती थाल को विशेष रूप से सजाया था। श्रेष्ठ थाल सजाने वाली महिलाओं को कमेटी ने सम्मानित किया। यहां अध्यक्ष बब्बन सिंह, महामंत्री अनिल शुक्ला, अमित खरे, पार्षद अमित जायसवाल, सीमा सिंह, संगीता, गुड़िया, मधु गुप्ता, आरती खरे, शोभा, डोली आदि रहीं।यशोदानगर बजरंग चौराहा पर श्री बजरंग गणेश महोत्सव समिति की ओर से गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी भी पहुंचे। रात में देशक्ति की झांकियों का मंचन किया गया। भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। देशभक्ति के गीतों पर श्रोता झूमते रहे। यहां अध्यक्ष गोपाल तिवारी, प्रबंधक राजीव दीक्षित, महामंत्री सुशील निगम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल आदि रहे।

# थाने के सामने रिटायर्ड पोस्टमास्टर को बस ने कुचला, मौत से मचा कोहराम

कानपुर। कल्याणपुर थाने के सामने बुधवार को तेज रफ्तार निजी बस ने रिटायर्ड पोस्टमास्टर को कुचल दिया। आईआईटी में सीएम के कार्यक्रम से लौट रहे सीपी अखिल कुमार ने हादसा देख घायल को तत्काल कल्याणपुर सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नारामऊ निवासी उजागर सिंह (85) सचेंडी में पोस्टमास्टर थे। साल 2000 में वह रिटायर हुए थे। परिवार में उनकी पत्नी दमयंती व पांच बेटे और तीन बेटियां हैं। प्राइमरी शिक्षक बेटे महेंद्र ने बताया कि पिता शुगर की दवा लेने बुधवार सुबह इंदिरानगर रोड पर स्थित क्लीनिक गए थे। लौटते वक्त ऑटो से उतर कर सड़क पार करते वक्त सिटी बस ने उन्हें कुचल दिया। कल्याणपुर पुलिस ने उन्हें फोन पर हादसे की जानकारी दी। एसीपी कल्याणपुर रंजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर चालक को हिरासत में लिया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आसपास के लोगों में सीएम के कार्यक्रम को लेकर अफसरों की निकल रही फ्लीट को देखकर घबराए चालक के बस भगाने के कारण हादसे की चर्चा रही।



## प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा:

# शी जिनपिंग के साथ संबंधों में सुधार, पुतिन के साथ कारपूल और पाकिस्तान को कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन की अपनी दो दिवसीय यात्रा संपन्न की, जहां उन्होंने SCO सम्मेलन में भाग लिया तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

### शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक



अपनी यात्रा के पहले दिन, PM मोदी ने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग "सम्पूर्ण मानवता के कल्याण" का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### रूस-भारत-चीन त्रिमूर्ति का प्रदर्शन



प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ गर्मजोशी भरे पल साझा किए।
तीनों नेताओं ने सौहार्दपूर्ण माहौल में हाथ मिलाया, गले मिले और मुस्कुराए।

### PM मोदी ने शहबाज शरीफ को अनदेखा किया



एससीओ शिखर सम्मेलन में PM मोदी और राष्ट्रपति पुतिन को हाथ में हाथ डाले चलते हुए देखा गया, तथा वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पास से गुजरे।

### आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को स्पष्ट संदेश



PM मोदी ने पाकिस्तान के PM शहबाज शरीफ की उपस्थिति में आतंकवाद पर अपना संदेश दिया। उन्होंने कहा, "हमें स्पष्ट रूप से और सर्वसम्मति से कहना होगा कि आतंकवाद पर कोई दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है।"

### चीन पर परोक्ष कटाक्ष

PM मोदी ने कहा, "कनेक्टिविटी को हमेशा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए - यह एससीओ चार्टर का एक मूलभूत सिद्धांत है। संप्रभुता को दरकिनार करने वाली कनेक्टिविटी विश्वास और अर्थ खो देती है।"

### पहलगाम हमले की निंदा की



एससीओ सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की तथा मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की।

### पुतिन के साथ कारपूल

SCO SUMMIT के समापन के बाद PM मोदी और पुतिन ने अपनी द्विपक्षीय बैठक के गंतव्य तक एक ही कार में यात्रा की।



### 'दूसरों के कानों के लिए नहीं'

PM मोदी और पुतिन के बीच सबसे महत्वपूर्ण गोपनीय बातचीत , जिसके दौरान उन्होंने संभवतः ऐसे मुद्दों पर चर्चा की जो "दूसरों के कानों के लिए नहीं थे।"

### पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "यह हमारी गहरी, 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' की परिभाषा है।"

### भारत आने का निमंत्रण दिया

PM मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय दिसंबर में होने वाले 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति के आगमन का "बेसब्री से इंतज़ार" कर रहे हैं।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र द्वारा लगाए गए कैमरों की मदद से बाबूपुरवा पुलिस ने पकड़ा स्कूटी चोर

## » चोरी की गई स्कूटी संग दो अन्य स्कूटी हुई बरामद

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान द्वारा लगाए गए कैमरे की मदद से बाबूपुरवा पुलिस ने स्कूटी चोर को स्कूटी के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। साथ में अभियुक्त के पास से दो अन्य स्कूटी भी बरामद की गई।

दिनांक 18 अगस्त 2025 को वादी रियाज अहमद पुत्र जहीरूद्दीन निवासी 183 चंदारी रेलवे स्टेशन कानपुर नगर के द्वारा स्थानीय थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था। कि 16 अगस्त 2025 समय शाम 8ः50 बजे के आसपास हनुमान मंदिर किदवई नगर के सामने बगाही थाना बाबू पुरवा कानपुर नगर के पास से अज्ञात चोर द्वारा उसकी नीले रंग की स्कूटी एक्टिवा जिसका नंबर क्र78- ।।ङ्क6557 चोरी कर ली गई है।

बाबू पुरवा थाना में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद विवेचना उपनिरीक्षक आफताब, उप निरीक्षक आशीष कुमार चौबे, उप निरीक्षक हेमंत कुमार मावी, कां. 3650 धीरेंद्र कुमार द्वारा की जा रही थी। सुराग मिलते ही टीम ने चोर को चोरी की गई स्कूटी समेत धर दबोचा।

यूपी78-HV6557 के साथ दो अन्य एक्टिवा 7878-FJ1647 व एक्सेस सुजुकी 7878-FR3613 सिल्वर कलर की स्कूटी अभियुक्त विशाल सविता उर्फ रौनक मिश्रा पुत्र रमेश निवासी गल्ला मंडी थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर का है जो इस समय सिद्धार्थ नगर शिल्पा दीदी का किराए का मकान एसटीसी कंपनी के पीछे थाना सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सामाजिक संस्था विकासिका द्वारा विद्यालय की शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। प्रख्यात साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था फ्रविकासिकाफ्र के द्वारा संकल्प स्पेशल स्कूल (मंद बुद्धि विद्यालय) शास्त्री नगर में विशिष्ट योग्यता धारक छात्रों (दिव्यांग) की शिक्षिकाओं का पदाधिकारियों द्वारा प्रतीकचिह्न, पटका, माला अर्पित करके सम्मान किया गया जिसमें संस्थापक/प्रधानाचार्या दीप्ति तिवारी को मिलाकर 18 अन्य शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम को होता देखकर विशिष्ट योग्यता वाले बच्चे अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ उसमें सम्मिलित हुए, उनका आनंद देखते ही बन रहा था उनके उत्साह से उत्साहित होकर अन्य सभी उपस्थित लोग भी भाव विभोर हुए और सब ने आनंदपूर्वक कार्यक्रम में सहयोग किया।कार्यक्रम में विकासिका संस्था के संस्थापक/संयोजक डॉ. विनोद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था साहित्यिक और सामाजिक आयोजन पिछले 52 वर्षों से कर रही है। कार्यक्रम को आयोजिक करके हम सभी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। प्रधानाचार्या दीप्ति तिवारी ने सभी को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष कृष्ण कांत अवस्थी, उमा विश्वकर्मा, शशि शुक्ला, राकेंद्र मोहन तिवारी, दुर्गा बाजपेई, गोपी कृष्ण बाजपेई, पूर्णिमा त्रिपाठी, विकास शुक्ला अक्षतव्योम, अनीता बाला त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी एवं विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे।

## पति-पत्नी के रिश्ते को जोड़ने की अनूठी मिसाल

# न्यू आजाद नगर में सपा नेता और चौकी इंचार्ज की सूझबूझ ने रचा इतिहास







न्यू आजाद नगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक

» राजेन्द्र केसरवानी

कानपुर। बदलते दौर में रिश्तों की डोर कमजोर पड़ती जा रही है। पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातें कभी-कभी इतनी बड़ी खाई बन जाती हैं कि तलाक जैसा कठोर कदम ही एकमात्र रास्ता नजर आता है। इन झगड़ों का असर न सिर्फ दंपति पर पड़ता है, बल्कि बच्चों का भविष्य भी आक्रामकता और असुरक्षा की छाया में ढलने लगता है। लेकिन, अगर समाज के जिम्मेदार लोग दिल से कोशिश करें, तो टूटते रिश्तों को फिर से जोड़ा जा सकता है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक वाकया सामने आया कानपुर के न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र में, जहां एक बिखरते रिश्ते को नया जीवन मिला।

दरअसल सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत न्यू आजाद नगर में रहने वाले शिवचरन सिंह और उनकी पत्नी सपना के बीच वर्षों से अनबन चल रही थी। दो साल से दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला ही बन्द था।

छोटी-छोटी गलतफहमियां इतनी बढ़ गई थीं कि मामला तलाक की दहलीज तक पहुंच गया था। आए दिन एक-दूसरे पर बेबुनियाद आरोप लगाकर थाने व चौकी के चक्कर लगाए जा रहे थे। लेकिन इस कहानी में एक नया मोड़ तब आया, जब यह विवाद न्यू आजाद नगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक के पास पहुंचा।

अंकुर मलिक ने इस मामले को सिर्फ एक कानूनी शिकायत के तौर पर नहीं देखा, बल्कि इसे एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता शिवकरन सिंह और क्षेत्र के कुछ सम्मानित लोगों को साथ बैठाया। सभी ने मिलकर इस मामले को गहराई से समझने की कोशिश की। पति-पत्नी के बीच संवादहीनता की खाई को पाटने के लिए बिंदुवार चर्चा की गई। दोनों पक्षों से उनकी शिकायतें सुनी गईं, गलतफहमियां दूर की गईं और संवेदनशीलता के साथ कम्युनिकेशन गैप को खत्म किया गया।

लंबी बातचीत और समझाइश के बाद शिवचरन और सपना ने एक-दूसरे को फिर से समझा। दोनों ने अपने मतभेद भुलाकर साथ रहने का फैसला किया। यह नजारा सिर्फ एक दंपति के फिर से मिलन का नहीं था, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा था कि अगर सामूहिक प्रयास और सकारात्मक हस्तक्षेप हो, तो टूटते रिश्तों को फिर से जोड़ा जा सकता है।

यह घटना न्यू आजाद नगर चौकी के लिए एक मिसाल बन गई चौकी प्रभारी अंकुर मलिक और समाजवादी पार्टी के नेता शिवकरन सिंह की सूझबूझ ने न केवल एक परिवार को टूटने से बचाया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि प्यार, समझ और संवाद से कोई भी रिश्ता दोबारा संवारा जा सकता है। यह कहानी हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो यह मानता है कि रिश्तों को बचाने की कोशिश कभी बेकार नहीं जाती।

# जीएसटी दरों की कमी की खुशी में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

## जीएसटी दरों में कमी से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगीः प्रकाश पाल

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए ट्रंप टैरिफ के प्रभाव को कम करने और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जीएसटी के 12 और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने के निर्णय की खुशी में केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए इस दूसरी पीढ़ी के आर्थिक सुधार से किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

अब जीएसटी की केवल दो दरें 5 और 18 प्रतिशत होने से देश की अर्थव्यवस्था अधिक पारदर्शी और मजबूत बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ही यह आश्वासन दिया था कि इस बार देशवासियों को दोहरी दीपावली मनाने का अवसर मिलेगा। माध्यम वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। सरकार का यह कदम न केवल घरेलू उपभोग को बढ़ावा देगा,

बल्कि महंगाई से जूझ रहे नागरिकों को राहत देने और देश की अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज प्रदान करने वाला साबित होगा। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने भी इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जीएसटी में किए गए सुधार भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और अधिक सशक्त बनाएंगे।प्रमुख रूप से जसविंदर सिंह, प्रवीण गुप्ता,कमल उत्तम, विनोद मिश्रा, गणेश शुक्ला, प्रवीण मिश्रा,संजीव बेरी , बिट्टू परिहार, विनीत दुबे, जितेंद्र सचान,शिवम मिश्रा,पवन दीक्षित ।

# शिवालय पार्क अटल घाट में बनाया जाएगा, बुद्धा पार्क यथावत स्थित में रहेगाः नगर आयुक्त ने दिया आश्वासन



कानपुर। भीम आर्मी - आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) सिद्धार्थ शर्मा (विश्वकर्मा) महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व मे कानपुर का प्रतिनिधि मण्डल कानपुर नगर आयुक्त से मुलाकात कर बुद्धा पार्क मामले पर चर्चा की भीम आर्मी संस्थापक आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकप्रिय नगीना सांसद एड. चन्द्रशेखर आज़ाद के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र द्वारा दिए गए सुझाव के बारे में अवगत कराया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा आश्वासन दिया की शिवालय पार्क अटल घाट में बनाया जाएगा तथा बुद्धा पार्क यथावत स्थित में रहेगा। इस अवसर पर मास्टर तुलसीराम, कौशल वाल्मीकि, मूलचंद्र, ई हीरा लाल, एड. घनश्याम, ओपी गौतम, बबली गौतम, राम गोपाल गौड़ संदीप वाल्मीकि, शौर्य आदि सम्मानित मौजूद रहे।

# घर से बेघर हुए मजदूर ने परिवार संग डीसीपी कार्यालय पहुंच लगाई मदद की गुहार



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के गडरियन पुरवा निवासी शिव गोपाल पाल धर्मेंद्र ने डीसीपी साउथ कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह दैनिक मजदूर है तथा पत्नी और अबोध बच्चे के संग जैसे तैसे जीवनयापन कर रहे हैं। उनका पैतृक घर 24 गड़रियन पूर्वा में है बड़े भाई शिवनारायण पाल के द्वारा उन्हें जबरन पैतृक घर ने निकाल दिया गया। वह दर दर परिवार के संग भटक रहे हैं।मजदूर धर्मेंद्र ने बताया कि उसका भाई उसी के प्लॉट पर अन्य साथियों के संग जुआ खेलवाता था। जिसका विरोध करना उसे भारी पड़ गया। धर्मेन्द्र की पत्नी ने नम आंखों से आलाधिकारियों से अपील करते हुए बताया कि उसके जेठ अपराधिक घटनाओं में लिप्त हैं। जिसके कारण उन्हें उन्हीं का हक नहीं मिल पा रहा है। उक्त प्रकरण की प्रार्थना पत्र उसने स्थानीय पुलिस को दी किंतु कोई कार्यवाही न होने के कारण वह डीसीपी साउथ कार्यालय पर आए है। धर्मेन्द्र ने आलाधिकारियों से उन्हें उनका हक दिलाए जाने की गुहार लगाई।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बांटी 05 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 20 ब्रेल किट

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत आज माननीय विधायक गोविंद नगर सुरेंद्र मैथानी द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय परिसर, नीर क्षीर चौराहा, काकादेव कानपुर नगर में 5 दिव्यागजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 18 दिव्यांग बच्चों को ब्रेल किट , 8 दिव्यांग बच्चो को कान की मशीन, 5 दिव्यागजन को बैसाखी का वितरण किया गया।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने मुख्य अतिथि सुरेन्द मैथानी का बुके, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वीरेन्द्र कुमार अध्यक्ष विकलांग एसोसिएशन ने मंच का संचालन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक सुरेन्द मैथानी ने अपने सम्बोधन मे कहा की सरकार दिव्यांगजनो के प्रति संवेदनशील है। दिव्यांगजन को समाज में बराबरी का दर्जा मिले इसके लिए प्रयासरत है। विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा कि दिव्यांगजन को जहाँ मेरी जरूरत महसूस हो हमे याद करे। हम आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। सरकार दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प है।कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया की सरकार दिव्यांगजन को विवाह पुरस्कार के रूप में दोनो व्यक्तियों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपया, रोजगार के लिए दुकान संचालन के लिए दस हजार रूपया, दुकान निर्माण के लिए बीस हजार रूपया देती है। दिव्यांग पेंशन के लिए प्रति माह 1000 रूपया तथा कुष्टवस्था पेंशन के लिए 3000 रुपया दिव्यांगजनों को सरकार की तरफ से मिलते हैं।जो दिव्यांगजन ट्राई साईकिल व अन्य योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो तत्काल सम्पर्क कर सकते है। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, वीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष विकलांग एसोसिएशन, जिला कार्यालय के प्रशान्त कुमार, आदि उपस्थित थे।

# आयकर कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित किया गया सफल निशुल्क स्वास्थ शिविर




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। आयकर कर्मचारी महासंघ, पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड सर्कल, कानपुर तथा मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सौजन्य से नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ अमरेंद्र शिवनाथ, अपर आयकर आयुक्त एवं सुरेश वर्मा, सहायक आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, आयकर राजपत्रित अधिकारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट, कानपुर) ने संयुक्त रूप से किया।

मेदांता हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम में हृदय रोग एवं फिजीशियन डॉ. विजय शर्मा, उप प्रबंधक अनुराग द्विवेदी, कैम्प कोऑर्डिनेटर राज, नर्सिंग स्टाफ काजल एवं टीना, तकनीशियन विवेक एवं प्रदीप तथा सपोर्टिंग स्टाफ बजरंग राज सम्मिलित रहे।

टीम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया।

समापन सत्र में राघवेन्द्र सिंह, संयुक्त आयकर आयुक्त एवं महासचिव, आयकर राजपत्रित अधिकारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट, कानपुर) तथा शरद प्रकाश अग्रवाल, निवर्तमान आयकर अधिकारी एवं संयुक्त सचिव, आयकर अधिकारी महासंघ, पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट ने मेदांता टीम को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, बृजेश कुमार, अध्यक्ष एवं सुनील कुमार, महासचिव, आयकर कर्मचारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड सर्कल, कानपुर) ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार, जनसंपर्क अधिकारी, राधेश्याम केयरटेकर, अमिय आनंद पांडे अपर सचिव, पंकज यादव संयुक्त सचिव, बृजेश बाजपेयी वित्त सचिव, अनिल चौधरी ऑडिटर, वैभव सचान, रवीन्द्र प्रताप, मोहित गौतम, शैलेन्द्र भारतीय, नदीम, अशोक द्विवेदी, शिव कुमार, राजेश गौर, उमेश वर्मा, राजेश राव एवं उनकी टीम, श्री कृष्ण कुमार सहित अन्य साथियों की उपस्थिति एवं सक्रिय सहयोग रहा।

# मुख्य विकास अधिकारी की अनोखी पहल, विकास भवन में कॉल सेंटर की स्थापना

## कर्मचारियों की उपस्थिति और विकास कार्यों पर कॉल सेंटर से होगी पैनी नजर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा विकास भवन में एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कन्ट्रोल रूम संचालन हेतु 05 कर्मचारियों को लगाया गया है। इस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम सचिवों से वार्ता करते हुए उनके क्षेत्र में पहुंचने की स्थिति का सत्यापन तथा उनके द्वारा किस ग्राम पंचायत में क्या-क्या कार्य सम्पदित कराये जायेंगे, कन्ट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों द्वारा दूरभाष के माध्यम से की जाएगी। जो कर्मचारी अपने क्षेत्र से अनुपस्थित पाये जायेंगे उनके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने के निर्देश मनोज कुमार, जिला पचायतराज अधिकारी, कानपुर नगर को दिये गये।

कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया, तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वह ग्राम सचिवों के साथ-साथ, पंचायत सहायकों से भी उनके मोबाईल पर वार्ता की जाए तथा उनसे डिजिटल काफ्ट सर्वे, आन लाइन आवेदन पत्र, फैमिली आई0डी0 आदि के प्रगति की सूचना भी एकत्र की जाए। इसी प्रकार इस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से गौशालाओं में तैनात केयर टेकर / गौपालकों से भी सीधे वार्ता की जायेगी, जिससे गौशाला की वस्तुस्थिति का पता चलेगा कि वहां पर हराचारा, चोकर, भूसा आदि की पर्याप्त उपलब्धता की स्थिति तथा गौवंश बीमार / अस्वस्थ्य होने की भी वास्तविक जानकारी इसी कन्ट्रोल रूम के माध्यम से ली जायेगी तथा शिकायतों का फीड बैंक भी लिया जायेगा ।इस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर जो कर्मचारी क्षेत्र में नहीं पाये गये है. उनके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिला विकास अधिकारी/ जिला पंचायतराज अधिकारी, कानपुर नगर को दिये गये। गौशालाओं में पायी गयी कमियों/शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से कराया जायेगा ।जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये जिसके अन्तर्गत गौशाला संचालन में आवश्यक आधारभूत आवश्यकताओं, प्राथमिक विद्यालयों के संचालन एवं मिडडे मील की व्यवस्था, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री आवास



योजना (ग्रामीण) आदि से सम्बन्धित प्रश्नो को सम्मिलत किया जायेगा।

कट्रोल रूम में दिनाक 01-09-2025 को सचिवों की निर्धारित क्लस्टर के अनुसार उपस्थिति ली गई जिसमें निम्न ग्राम पंचायत सचिव क्लस्टर के अनुसार अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित पाये गये ।विकास खण्ड घाटमपुर में कार्यरत गोविन्द्र सिंह, ग्रा0वि0अ0, दिव्यांशू पाण्डेय, ग्रा0वि0अ0, ओम नारायण, ग्रा0प0अ0, विकास खण्ड बिल्हौर में कार्यरत अरूण कुमार सोनकर, ग्रा0प0अ0, मोहित कुमार सक्सेना, ग्रा0पं0अ0, जितेन्द्र कुमार, ग्रा0वि0अ0, विकास खण्ड बिधनू में कार्यरत नैन्शी शुक्ला, ग्रा0पं0अ0, दीपा सिंह, ग्रा0वि0अ0, रिचा त्रिपाठी, ग्रा0पं0अ0, रिचा उमराव, ग्रा0पं0अ0, अनुज मिश्रा, ग्रा0वि0अ0, लंकुश वर्मा, ग्रा0वि0अ0। मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर द्वारा उपरोक्त ग्राम पंचायत सचिवों का दिनांक 01-09-2025 का वेतन तत्काल रोकने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी / जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

# एकजुट होकर सभी सहयोगी दल आततायियों का आंतक मिटाने का करेंगे काम



कानपुर। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में अनिल दीक्षित अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी ।प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कानपुर एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि संगठन एकता से बनता है। हम सभी सहयोगी दल एकजुट होकर आततायियों का आंतक मिटाने का काम करेंगे। अब ट्रंप इण्टरनेशनल पप्पू हो गये है। कांग्रेस बोट चोरी की सरताज है। उसने प्रधानमंत्री बनने के लिए जब वोटिंग हुयी तो सरदार पटेल को अधिक बोट मिले थे तब उन्हें प्रधानमंत्री न बनाकर नेहरू जी को प्रधानमंत्री बनाया गया था। इसी तरह कई दृष्टांत उन्होंने बताए। 'चोर मचाए शोर' ।कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता संयोजक (ह.ष्ट्र..) गठबंधन ने किया। बैठक में संतोष शुक्ता, शिवांग मिश्रा, मो0 उस्मान, प्रभात त्रिपाठी, ओलाक श्रीवास्तव, सोहनलाल कोल, अनुज सोनी, संदीप सोनी, नीरज सिंह चन्देल एड., रोविल गुप्ता, मो0 हामिद, अंजु द्विवेदी, शिवबालक पटेल, बिन्दु, निखिल, मनोज वर्मा, वन्दना सचान, सुमन तिवारी, देवेन्द्र सिंह, विजय यादव, संजय श्रीवास्तव सहित सैकड़ों सहयोगी दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला को लोगों ने फोन चोरी करते पकड़ लिया

**कानपुर। मुस्कान यादव (बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा) जब कोचिंग से घर लौट रही थीं, तभी एक ऑटो (क्क78 चह्र 6570) तेज व खतरनाक गति से उनके पास से गुज़रा, जिससे उनका मोबाइल गिर गया और वह बाल-बाल बचीं। राहगीरों ने ऑटो को रोक लिया, इस दौरान ऑटो चालक व उसकी पत्नी ने मुस्कान व राहगीरों से गाली-गलौज व बदतमीजी की। घटना में राहगीरों में से एक अज्ञात महिला ने ऑटो चालक की पत्नी से मारपीट भी की। बाद में पब्लिक व मुस्कान का भाई ऑटो चालक को चौकी पर लेकर आए। मुस्कान ने स्पष्ट किया कि चोरी की घटना नहीं हुई, बल्कि सिर्फ खतरनाक ड्राइविंग व बदतमीजी हुई है। ऑटो चालक गाड़ी के कागजात व लाइसेंस नहीं दिखा पाया, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट में ऑटो को सीज कर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।**

# महिला महाविद्यालय में विधायक ने किया नवनिर्मित कक्षा का भूमिपूजन

कानपुर। महिला महाविद्यालय किदवई नगर कानपुर की संरक्षिका कुमकुम के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में विधायक महेश त्रिवेदी के विधायक निधि द्वारा प्रस्तावित नवनिर्मित कक्षा के निर्माण हेतु भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सचिव इंजी गौरवेद्र स्वरूप की पत्नी एवं महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति की सदस्या अनंता स्वरूप, विधायक महेश त्रिवेदी, प्राचार्या प्रोफेसर अंजू चौधरी ने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ।महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से शिक्षण व्यवस्था और अधिक सुद्रण होगी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अंजू चौधरी ने महाविद्यालय की संरक्षिका डॉ अनंता स्वरूप एवं विधायक महेश त्रिवेदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कक्ष शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और शैक्षिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। इस मौके पर महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रही।



# 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा

कानपुर। माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के बैनर तले कानपुर नगर के माध्यमिक विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर शिक्षक पद पर धरना प्रदर्शन कर अपनी प्रमुख मांगों पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नगदीकारण, कैशलेस मेडिकल सुविधा, आउटसोर्स कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा व न्यूनतम 18000 मानदेय , वेतन व एसीपी की विसंगति दूर करने, प्रबंध समिति में भागीदारी, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का ऑनलाइन स्थानांतरण सुविधा, वित्त विहीन विद्यालयों के कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा नियमावली बनाई जाने की मांगो के समर्थन में गगन भेदी नारे लगाकर धरना/प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्ति किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ।धरने का नेतृत्व/संचालन कर प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि हमारी जायज मांगो को शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश महामंत्री ने जनपद के कतिपय विद्यालय प्रबंधक/ प्रधानाचार्य द्वारा नियमों की अनदेखी,तानाशाहीपूर्ण व्यवहार कर शिक्षकों ,कर्मचारियों के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद जोशी ने कहा यदि शीघ्र हमारी मां ने पूरी नहीं होती है तो बड़े संघर्ष को हम लोग तैयार है। तथा जनपद मंडल और प्रदेश स्तर पर मांगे पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष प्रभात मिश्रा व जिला मंत्री उदयराज सिंह ने विगत दिनों शिक्षा कार्यकाल में कुछ शिक्षको/कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा कर इसे रोकने की मांग की ।जिला अध्यक्ष व मंत्रीअजय प्रधान, प्रसून तिवारी, मंडल मंत्री मंगली प्रसाद ने समय से वेतन भुगतान, एसीपी आदेश, एरियर का भुगतान जीएफ लोन, पेंशन, फंड जैसी सामान्य मांगों के दो-दो साल तक निस्तारित न होने से कार्यालय की अपारदर्शी प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठाया। धर्मेंद्र पाठक, गणेश दीक्षित, दीपक पाल, संजय पाल, सुरेंद्र कुमार, आशुतोष मोर, हेमवीर, फजल, शाकिर, प्रदीप त्रिवेदी, शरद तिवारी, मनमोहन सिंह, प्रकाश शुक्ला, जनार्दन शुक्ला जयशंकर तिवारी सहित सैकड़ो शिक्षक उत्तर कर्मचारियों ने प्रतिभा किया।



कानपुर नगरवासियों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं







बीपीएस न्यूज (साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्टा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।